बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-36
28/01/2024

श्री नीतीश कुमार ने 9वीं बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, शपथ ग्रहण समारोह के बाद पत्रकारों से की बातचीत

पटना, 28 जनवरी 2024 :– श्री नीतीश कुमार ने आज 9वीं बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन स्थित राजेन्द्र मंडप में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने राजभवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि आज मेरे अलावा आठ लोगों ने मंत्री पद की शपथ ली है। तीन पार्टियों के सदस्य एवं एक निर्दलीय का शपथ ग्रहण हुआ है। श्री सम्राट चौधरी और श्री विजय कुमार सिन्हा उप मुख्यमंत्री बनाये गये हैं। मंत्रिपरिषद् के बाकी लोगों का भी शपथ ग्रहण बहुत जल्द होगा। हम बिहार के हित में विकास का कार्य करते रहे हैं, पूरे इलाके का विकास के लिये काम करते रहे हैं। इसी काम को आगे बढ़ायेंगे। हम पहले भी भाजपा के साथ थे, बीच में कहीं चले गये, अब पहले जहां थे, वहीं आ गये हैं। हमने विपक्ष को तेजी से एकजुट करने का प्रयास किया लेकिन वे लोग कुछ नहीं किये, वे सब बेकार हो गये।

******